an>

Title: Need to provide financial assistance for welfare of salt workers in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) ः देश में पैदा होने वाले सामान्य नमक में से 70 प्रतिशत से ज्यादा और आयोडीन नमक 57 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन गुजरात में होता है। पूरे देश में से नमक के निर्यात में गुजरात की अहम भूमिका है। नमक उत्पादन की प्रवृत्तियों का विकास हो तथा उत्पादन में कार्यरत अगरियाओं के लिए कल्याणकारी योजना के लिए गुजरात सरकार प्रतिवर्ष 40 करोड़ से ज्यादा रकम खर्च करती है। इस प्रकार के प्रोजेक्ट तथा अगरियाओं की कल्याण की दरख्वास्त की राज्य के नमक उद्योग मंत्री की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा मंजूरी दी जाती है। ऐसे प्रोजेक्टों में 50 प्रतिशत फंड केंद्र सरकार द्वारा दिया जाये तो इस नमक उद्योग में ज्यादा तरक्की हो सके।

उद्योग एवं खनिज विभाग के अग्र सचिव द्वारा दिनांक 16.02.2016 के पत्र द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय के सचिव को इस संदर्भ में दरख्वास्त की गई है। केंद्र सरकार के मंत्रालय ने इस संदर्भ में दिनांक 07.08.2012 के पत्रानुसार 40 करोड़ रूपए, जो राज्य सरकार ने खर्च किये, उनका ब्यौरा मंगवाया था और ब्यौरा भारत सरकार को दिनांक 28.02.2012 के पत्र द्वारा भेज दिया गया है। इसके तहत तीन स्मृति पत्र भी लिखे गए हैं।

मेरी मांग है कि नमक उद्योग के विकास के तहत अगरियाओं के कल्याणकारी योजना के लिए केंद्रीय सहायता तुरंत दी जाये।